मलिंगा ने कहा कि उनके द्वारा कैच छोड़ना गत चैम्पियन मुंबई को भारी पड़ गया। मुंबई को बीती रात यहां कोलकाता की टीम से 41 रन से हार का मुंह देखना पड़ा।

उन्होंने आईपीएल की अधिकारिक वेबसाइट पर साक्षात्कार में स्वीकार किया, हमने पहले 10 ओवरों में सचमुच शानदार गेंदबाजी की, लेकिन इसके बाद हम पकड़ खो बैठे। हमने जाक कैलिस और मनीष पांडे को बड़ी भागीदारी निभाने दी। हमें मैच में जो चीज सबसे महंगी पड़ी, वह मेरे द्वारा कैलिस का कैच छोड़ना था क्योंकि तब वह 34 रन पर थे।

मलिंगा ने 23 रन देकर चार विकेट हासिल किये और इस श्रीलंकाई खिलाड़ी ने कहा कि जहां तक उनकी गेंदबाजी का सवाल है, वह अच्छी मानसिक स्थिति में थे।

उन्होंने कहा, मैंने अच्छी गेंदबाजी की और यह विकेट के लिहाज से भी अच्छी थी। लेकिन हम बतौर टीम हार गये, जो निराशाजनक है। लेकिन यह पहला मैच था और टीम को पूरा भरोसा है कि टूर्नामेंट के अगले मैचों में हम लय हासिल करेंगे। हम इस मैच को सीखने के अनुभव के तौर पर लेंगे और विभिन्न पहलुओं में सुधार करेंगे।

पराजय से दुखी मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम को इस हार से काफी सबक सीखना होगा। रोहित ने कहा , यह निराशाजनक है कि हम पहला ही मैच हार गए। इस हार से काफी कुछ सीखना होगा। हम इससे सकारात्मक बातें लेंगे। उम्मीद है कि खिलाड़ी सकारात्मक रहते हुए एक दूसरे के साथ का मजा लेंगे। यह बहुत लंबा टूर्नामेंट है।

उन्होंने केकेआर के बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा , उन्होंने उम्दा बल्लेबाजी की और हमें समय पर विकेट नहीं मिले। हमने अपनी ओर से पूरी कोशिश की। मलिंगा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और उम्मीद है कि जल्दी ही हम जीत की राह पर लौटेंगे।

## विश्व टी20 फाइनल की हार अब भी कचोटती है युवराज को

बेंगलूर, (भाषा)। भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह ने आज कहा कि श्रीलंका के खिलाफ विश्व टी20 फाइनल की हार को भुला पाना आसान नहीं है लेकिन आगे बढ़ने के लिये वह निराशाओं से सीख रहे हैं।

भारत विश्व टी20 के फाइनल में पहुंचा था लेकिन वह इसमें जीत दर्ज करने में नाकाम रहा था।

युवराज ने रायल चैलेंजर्स बेंगलूर की अधिकृत वेबसाइट से कहा, फाइनल जैसे मैच में हमेशा यह भावनाएं रहती हैं कि हम काफी करीब पहुंचकर भी बहुत दूर हैं लेकिन खिलाड़ी होने के नाते आपको ऐसी भावनाओं से तेजी से उबरकर चुनौती का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा, टीम के रूप में हमने पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में हम अपनी रणनीति के अनुसार खेल नहीं दिखा पाये और उस निराशा से उबर पाना आसान नहीं है।

युवराज ने कहा कि जब वह युवा थे तब उनके एक कोच ने कहा था कि खिलाड़ी को सफलता और असफलता दोनों से निबटना आना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं यही करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि वह आरसीबी का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनके लिये टीम के साथ यह सत्र यादगार होगा।

# किंग्स इलेवन के खिलाफ अभियान शुरू करेगी विवादों से घिरी चेन्नई

अबुधाबी, (भाषा)। मैदान के बाहर की गतिविधियों से परेशान दो बार की पूर्व चैम्पियन चेन्नई सुपरकिंग्स कल यहां किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग-7 के अपने शुरूआती मुकाबले से अपना ध्यान क्रिकेट पर वापस लाना चाहेगी।

पिछले तीन सत्र में दबदबा बनाने वाली चेन्नई की टीम इस समय स्पाट फिक्सिंग प्रकरण से जूझ रही है, जिसमें इसके कुछ खिलाड़ियों के अलावा शीर्ष अधिकारियों को भी आरोपों के घेरे में रखा गया है।

कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने हालांकि यह स्वीकार किया कि मैदान से बाहर के मुद्दों की अनदेखी नहीं की जा सकती और यह टीम के लिये ध्यान भंग करने जैसा ही है।

फ्लेमिंग ने सट्टेबाजी विवाद का जिक्र करते हुए कहा, काफी कुछ चल रहा है, मैं झूठ नहीं कहूंगा। टूर्नामेंट से पहले ध्यान भंग करने के लिये काफी कुछ घटा। मुझे लगता है कि हम सभी अनिश्चित थे कि इसमें क्या होगा।

लेकिन स्पाट फिक्सिंग विवाद से जूझने वाली चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम को आईपीएल में सबसे ज्यादा निरंतर टीमों में से एक कहा जा सकता है, जिसकी अगुवाई भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह कर रहे हैं।

इस साल चेन्नई की टीम अपने कुछ निर्भर सितारों के बिना मैदान पर उतरेगी, जिसमें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल हस्सी और दक्षिण अफ्रीका के एलबी मोर्कल शामिल हैं जिन्हें टीम ने खिलाड़ियों की नीलामी में खो दिया था। लेकिन न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम की उपस्थिति से चेन्नई की टीम मजबूत दिखती है।

गेंदबाजी में वेस्टइंडीज के लेग स्पिनर सैमुअल बद्री महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं क्योंकि हाल में विश्व कप ट्वेंटी20 में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तीसरे गेंदबाज होने के नाते उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।

पंजाब की फ्रेंचाइजी पिछले सत्र में अच्छा नहीं कर पायी थी, लेकिन खिलाड़ियों की नीलामी में कुछ अहम खरीदारी करके टीम में संतुलन आया है। आस्ट्रेलियाई जार्ज बेली की अगुवाई वाली किंग्स इलेवन पंजाब ने भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को हासिल किया। हालांकि यह खिलाड़ी फार्म में नहीं है लेकिन दिल्ली का यह बल्लेबाज विपक्षी टीम के आक्रमण को ध्वस्त करके मैच का रूख बदलने में माहिर है। बेली ने टूर्नामेंट से पहले कहा था, इसमें कोई शक नहीं है कि उसका काफी बड़ा असर होगा। टीम में उनकी मौजूदगी बेहतरीन चीज है। उनका मैदान में बिना किसी दबाव के खेलना शानदार होगा। पंजाब की टीम ने नीलामी में मिशेल जानसन को खरीदकर एक 'मास्टरस्ट्रोक' खेला। यह आस्ट्रेलिया अपनी बेहतरीन फार्म में है और उम्मीद है कि वह किंग्स इलेवन की उन पर खर्च की गयी 6.5 करोड़ रूपये की राशि की पाई पाई चुका देगा।

इसके अलावा टीम आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज शान मार्श को भी वापस लाने में सफल रही। अगर फिटनेस सही रहती है तो मार्श टीम के लिये महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं जिनका आईपीएल रिकार्ड अच्छा है। कागजी आंकड़ों को देखते हुए दोनों टीमों के बीच यह बराबरी का द्वंद्व होने की उम्मीद है।

# टेलिफंकन क्लब क्वॉर्टर फाइनल में

नई दिल्ली, (खेसं)। दीपक खत्री के मात्र 46 गेंदो पर पाँच छक्को व 11 चौको की मदद से बनाए गये नाबाद 101 रनो व बाए हाथ के मध्यम तेज़ गति के गेंदबाज़ फ़ारूक़ शेख़ की घातक गेंदबाज़ी 33 रनो पर चार विकेट की बदौलत टेलिफंकन क्रिकेट क्लब ने आर. एस. के. पी. मैदान पर खेले जा रहे 24वे अखिल भारतीय स्पेरी ओम नाथ सूद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में विकासपुरी कोल्ट्स को 149 रनो से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया !

पहले बल्लेबाज़ी करने का न्योता पाकर टेलिफंकन क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट पर 303 रनो का पहाड़नुमा स्कोर खड़ा कर दिया ! इसमे दीपक खत्री के नाबाद 101 रन, योगेश नगर के 58 गेंदो पर सात चौको की मदद से बनाए गये 67 रनो व अमन खत्री के 34 गेंदो पर दो छक्को व चार चौको की मदद से बनाए गये 40 रन शामिल हैं ! प्रतीक पवार ने 31 व प्रदीप शर्मा ने 30 रनो की पारी खेली ! टेलिफंकन ने अंतिम 8 ओवर में 113 रन जोड़े ! रोहित वशिष्ट ने 59 रनो पर दो विकेट लिए ! 304 रनो का लक्ष्य पाने उतरी विकासपुरी कोल्ट्स की टीम फ़ारूक़ शेख़ व बाए हाथ के उदीयमान फिरकी गेंदबाज़ मयंक डागर (4/35) की शानदार गेंदबाज़ी के चलते 36.5 ओवर में मात्र 154 रनो पर ही सिमट गई ! नवीन सैनी ने 25 व नवीन वर्मा ने 22 रन बनाए ! दीपक खत्री ने इस टूर्नामेंट के 24 वर्षो के इतिहास का दूसरा सबसे तेज़ शतक जमाया ! इससे पूर्व 14.04.1999 को ख़ालसा कॉलेज मैदान पर 9वे टूर्नामेंट में अमर सिंह ने सहारा इंडिया की तरफ से खेलते हुए आशीर्वाद क्रिकेट क्लब के विरुद 45 गेंदो पर 2 छक्को व 18 चौको की मदद से 102 रनो की पारी खेली थी ! मुख्य अतिथि प्रदीप भोला ने सलेंज़ेर मैंन ऑफ द मॅच का पुरस्कार दीपक खत्री को प्रदान किया।

मुख्य स्कोर: टेलिफंकन क्रिकेट क्लब 40 ओवर में सात विकेट पर 303 रन(दीपक खत्री 101 नाबाद, योगेश नगर 67, अमन खत्री 40, प्रतीक पवार 31, प्रदीप शर्मा 30, रोहित वशिष्ट 2/59) !विकासपुरी कोल्ट्स 36.5 ओवर में 154 रन(नवीन सैनी 25, नवीन वर्मा 22, फ़ारूक़ शेख़ 4/33, मयंक डागर 4/35, सन्नी सहरावत 2/30) !

## ओलंपियन शहनाज शेख बने पाक हाकी टीम के कोच

कराची, (भाषा)। पाकिस्तान हाकी महासंघ ने ओलंपियन शहनाज शेख को सीनियर टीम का कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह जून में नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहा जो चार बार के पूर्व चैंपियन के लिये करारा झटका था। पाकिस्तान तीन बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता है लेकिन लंदन ओलंपिक 2012 में वह सातवें स्थान पर रहा था। वह भारत में 2010 में हुए विश्व कप में 12वें और आखिरी स्थान पर रहा था। इससे पहले भी दो बार कोच रह चुके शेख ने कहा कि उनका पहला लक्ष्य एशियाई खेलों के खिताब का बचाव करना है।

## दिल्ली डेयरडेविल्स का साझीदार बना आरबीएल बैंक

नई दिल्ली, (भाषा)। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली डेयरडेविल्स ने आज आरबीएल बैंक के साथ साझीदार और मुख्य प्रायोजक के तौर पर करार किया।

इस जुड़ाव के तहत अब दिल्ली डेयरडेविल्स की जर्सी पर आरबीएल बैंक ब्रांड दिखायी देगा।आरबीएल बैंक और दिल्ली डेयरडेविल्स इस भागीदारी के चलते टूर्नामेंट के दौरान और इसके बाद विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेंगे। आरबीएल बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्ववीर आहुजा ने कहा, मैं इस जुड़ाव से व्यक्तिगत रूप से काफी रोमांचित हूं। दिल्ली डेयरडेविल्स बेहतरीन टीम है।

# स्वर्ण पदक दिखाता है कि मैं सही राह पर हूं: संधू

नई दिल्ली, (भाषा)। शीर्ष भारतीय निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू ने कहा कि हाल में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने से दिखता है कि वह इस महत्वपूर्ण वर्ष में सही दिखा में आगे बढ़ रहे हैं जिसमें राष्ट्रमंडल और एशियाई खेल आयोजित होंगे। संधू की निगाहें इस साल ओलंपिक कोटा हासिल करने पर लगी हैं। उन्होंने अमेरिका के आईएसएसएफ शाटगन विश्व कप में दो बार के ओलंपिक चैम्पियन निशानेबाज माइकल डायमंड को पछाड़कर पुरूष ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। उन्होंने प्रेट को दिये साक्षात्कार में कहा, इस जीत से पुष्टि होती है कि मेरी ट्रेनिंग सही चल रही है, मेरी तकनीक और उपकरण सही काम कर रहे हैं। इसलिये मुझे अपने प्रयासों को बढ़ाकर इसी राह पर बरकरार रहने की जरूरत है। राजीव गांधी खेल रत्न प्राप्त कर चुके इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने अपने खेल में कुछ बदलाव किये हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप के इस स्वर्ण पदक से इस महत्वपूर्ण साल में उनके प्रयासों को 'सही' साबित कर दिया है। मानवजीत ने कहा, अमेरिका के टस्कन में मिली जीत मेरे लिये व्यक्तिगत रूप से काफी अहम थी क्योंकि इससे उन बदलावों को स्वीकृति मिल गयी जो मैंने उपकरण और तकनीक में पिछले 14 महीने के दौरान किये थे। महत्वपूर्ण वर्ष में यह अहम चीज है। उन्होंने कहा, पिछले साल मैं अच्छा स्कोर बनाने के बावजूद करीब से चूक गया था लेकिन मुझे जीत के जरिये पुष्टि की जरूरत थी। मानवजीत ने इस समय इटली में ट्रेनिंग कर रहे हैं और आने वाला समय उनके लिये काफी व्यस्त रहेगा। उन्होंने कहा, ट्रेनिंग कार्यक्रम काफी व्यस्त है, इटली में ट्रेनिंग के अलावा मैं राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई खेल और विश्व कप फाइनल से पहले दो विश्व कप में भाग लूंगा। इसलिये यह काफी व्यस्त कैलेंडर है लेकिन मैं इसमें अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाये हूं।

## डरहम की निगाह संगकारा पर

लंदन, (भाषा)। इस सत्र में भी काउंटी में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिये मौजूदा चैंपियन डरहम श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को कुछ समय के लिये अपनी टीम से जोड़ने का इच्छुक है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार डरहम का इस खिलाड़ी के साथ करार करने के करीब पहुंच गया है लेकिन प्रबंधन अभी तक इसका खुलासा करने का इच्छुक नहीं है।

## अच्छा स्कोर बनाकर अधिकांश मैच जीतेंगे : गंभीर

अबुधाबी, (भाषा)। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम अच्छा स्कोर बनाने से अधिकांश मैच जीत सकती है क्योंकि बड़ा स्कोर खड़ा करने से हमारे गेंदबाजों को भी मदद मिलेगी।

आईपीएल के सातवें सत्र के उद्घाटन मैच में कल यहां केकेआर ने मौजूदा चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 41 रन से हराया। गंभीर ने मैच के बाद कहा , हमारे पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और यदि हमने मजबूत स्कोर बनाया तो हम अधिकांश मैच जीतेंगे। उन्होंने कहा , जाक कैलिस जैसा उम्दा बल्लेबाज जानता है कि कब तेज गति से रन बनाने हैं। वह या मैं 15वें ओवर तक टिकते हैं तो हम बड़ा स्कोर बना सकते हैं। हमारे पास मोर्नी मोर्कल की रफ्तार है और सुनील नारायण जैसा स्पिनर है। विनय कुमार डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करने में माहिर हैं। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मैन आफ द मैच कैलिस ने कहा कि ब्रेक के बाद वापसी करना अच्छा लगा।

# कैलिस के साथ दोबारा बल्लेबाजी करने से मदद मिली : पांडे

अबुधाबी, (भाषा)। कोलकाता नाइटराइडर्स की गत चैमिपयन मुंबई इंडियंस पर शानदार आईपीएल जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद आत्मविश्वास से भरे मनीष पांडे ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ी जाक कैलिस के साथ दोबारा बल्लेबाजी से उन्हें अपनी खोई फार्म हासिल करने में मदद मिली।

पांडे इससे पहले रायल चैलेंजर्स बेंगलूर टीम में कैलिस के साथ खेल चुके हैं। पांडे ने 64 और कैलिस ने 72 रन बनाकर कोलकाता नाइटराइडर्स को 163 रन का स्कोर बनाने में मदद की जिससे उन्होंने मुंबई पर 41 रन से जीत दर्ज की। इन दोनों ने 131 रन की भागीदारी निभायी। पांडे ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिये उतरा तो मुझे पुराने दिन याद आये जब मैं उनके साथ बल्लेबाजी करता था और मुझे लगा कि कुछ भी नहीं बदला है। मैं वही सहजता महसूस कर रहा था जो मैं उनके साथ बल्लेबाजी के दौरान करता था। हमने रायल चैलेंजर्स बेंगलूर के लिये काफी साझेदारियां निभायी हैं और हम एक दूसरे के खेल को अच्छी तरह जानते हैं। हम क्रीज पर पूरी भागीदारी के दौरान बातचीत करते रहे।

पांडे ने आईपीएल की अधिकारिक वेबसाइट पर कहा, साझेदारी की सबसे अच्छी चीज संवाद होती है। शुरू से ही हमने फैसला किया कि हमें क्रीज पर डटे रहकर अच्छी भागीदारी निभाने की जरूरत है क्योंकि शुरू में इस विकेट पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था।

उन्होंने कहा, इसलिये रणनीति बिलकुल स्पष्ट थी और हमने इसका अच्छी तरह कार्यान्वयन भी किया। अपने आईपीएल करियर के बारे में पांडे ने स्वीकार किया कि 2009 में टूर्नामेंट में शतक जड़ने वाला पहला भारतीय बनने के बाद वह लय खो बैठे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं लय से भटक गया था।

## वावरिंका वाकओवर से क्वार्टर फाइनल में

मोंटेकार्लो (मोनाको), (भाषा)। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन स्टेनिसलास वावरिंका को स्पेन के निकोलस अलमार्गो के पांव की चोट के कारण हटने के कारण मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में आज वाकओवर मिला जिससे वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये।

स्विट्जरलैंड का यह तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब शुक्रवार को कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त मिलोस राओनिक से भिड़ेगा जिन्होंने स्पेन के 11वीं वरीय टोमी राबरेडो को 6-4, 6-3 से पराजित किया। वावरिंका ने इससे पहले राओनिक को इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दोनों मुकाबलों में हराया था।

फ्रांस के स्टार टेनिस खिलाड़ी जो विल्फ्रेड सोंगा ने इटली के फैबियो फोगनिनी को 5-7, 6-3, 6-0 से हराकर अपना 29वां जन्मदिन मनाया।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **नेशनल कन्फेड्रसी ऑफ इंडिया** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **63, साउथर्न एवेन्यू, फ्लैट नं. 9, कोलकाता, पश्चिम बंगाल** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रुप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है– पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पते नीचे दिये गए हैं–

**राष्ट्रीय अध्यक्षः श्री ए. कृष्णामोहन**

**महासचिवः श्री अरूण कुमार चक्रवर्ती**

**कोषाध्यक्षः सोना मोशाट**

यदि किसी को **नेशनल कन्फेड्रसी ऑफ इंडिया** (प्रस्तावित राजनीतिक दल का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित, सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।


# विवादों को पीछे छोड़कर सनराइजर्स से भिड़ने उतरेगा रायल्स

अबुधाबी, (भाषा)। पिछले साल के स्पाट फिक्सिंग के कारण सबसे बुरी तरह प्रभावित रही राजस्थान रायल्स की टीम कल यहां सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूत टीम के खिलाफ अपने आईपीएल अभियान का सकारात्मक शुरूआत करके मैदान के बाहर की अपनी छवि को साफ करने की कोशिश करेगी।

भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और उनके दो अन्य साथियों अजित चंदीला और अंकित चव्हाण को जब पिछले सत्र में कम से कम तीन आईपीएल मैचों में स्पाट फिक्सिंग में शामिल रहने के लिये गिरफ्तार किया गया तो रायल्स की टीम को तब लग रहा था कि उसके साथ विश्वासघात हुआ है। उसने हालांकि इसका प्रभाव अपने मैदानी प्रदर्शन पर नहीं पड़ने दिया था।

पिछले साल रायल्स की टीम तीसरे स्थान पर रही थी। राहुल द्रविड़ की अगुवाई में उसकी टीम ने बड़े नाम नहीं होने के बावजूद बहुत अच्छा खेल दिखाया था।

नये कप्तान शेन वाटसन ने कहा कि पिछले साल स्पाट फिक्सिंग का विवाद टीम में दो तीन खराब प्रवृति के लोगों की उपस्थिति का परिणाम था। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम इससे उबर चुकी है और उसका पूरा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है।

द्रविड़ इस बार मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज के अलावा कोच पैडी उपटन और कप्तान वाटसन के मार्गदर्शन में हमेशा अंडरडाग मानी जाने वाली टीम इस बार भी आश्चर्यजनक परिणाम देने की कोशिश करेगी।

इस साल रायल्स ने अच्छी संतुलित टीम का चयन किया है। उसने स्टीवन स्मिथ, टिम साउथी, उन्मुक्त चंद और रजत भाटिया जैसे खिलाड़ियों को चुना है जबकि वाटसन, अजिंक्य रहाणे, स्टुअर्ट बिन्नी, संजू सैमसन, जेम्स फाकनर और ब्रैड हाज जैसे मैच विजेताओं को रिटेन किया है।

वाटसन हमेशा से रायल्स के लिये प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और टीम को उनकी अगुवाई में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। रायल्स हमेशा अनुभवहीन होने के बावजूद नये खिलाड़ियों को मौका देता रहा है। पिछले साल 19 साल के संजू सैमसन और 42 साल के प्रवीण थाम्बे ने टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन किया था। जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है कि वह पिछले सत्र में एलिमिनिटर में इसी प्रतिद्वंद्वी से हार गया था और वह बदला लेने के लिये मैदान पर उतरेगा।

पिछले साल सनराइजर्स ने चौथे स्थान पर रहकर सभी हैरत में डाल दिया था जबकि वह उसका पहला सत्र था। सनराइजर्स ने नीलामी में अपनी चतुरता दिखायी और कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खरीदा।

शीर्ष क्रम में शिखर धवन, आरोन फिंच और डेविड वार्नर तथा निचले क्रम में विस्फोटक डेरेन सैमी तथा रिकी भुई और मनप्रीत जुनेजा जैसे भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।

सनराइजर्स की गेंदबाजी की अगुवाई फिर से दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन करेंगे। उनके साथ इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार जैसे उपयोगी तेज गेंदबाज हैं। स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी हाल में विश्व टी20 में शानदार प्रदर्शन करने वाले अमित मिश्रा पर रहेगी जिसमें उनका साथ कर्ण शर्मा और परवेज रसूल देंगे। दोनों टीमें कागजों पर मजबूत दिखती हैं, इसलिए रोचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से शुरू होगा।


**उद्घोषणा**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**U/s 82 Cr.PC**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद उर्फ़ छोटे उर्फ़ छोटू** पुत्र देव दत्त निवासी गांव राजडंडिया थाना कामनी, जिला रामपुर यू.पी. ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या **151/11** धारा **380/411 भा.दं.सं.** थाना सीमा पुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनोद उर्फ़ छोटे उर्फ़ छोटू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद उर्फ़ छोटे उर्फ़ छोटू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या **151/11** धारा **380/411 भा.दं.सं.** थाना सीमा पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विनोद उर्फ़ छोटे उर्फ़ छोटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2014** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार**

**सुश्री सुशील बाला डागर, एमएम**

**जिला न्यायालय भवन, कमरा नं. 52**

**दूसरा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/3765/NE/14

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम रेखा, D/o दशरथ, R/o मकान नं. 164, नहरपुर गाँव, दिल्ली जो कि दिनाँक 20.03.2014 से थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली क्षेत्र से अपहृत/लापता है। इस बाबत FIR No. 191/14 दिनाँक 21.03.2014 धारा 363 IPC थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली में मामला दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत लड़की का ब्योरा इस प्रकार हैः



रेखा

**नामः** रेखा, **पिता का नामः** दशरथ, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5 फुट, **चेहराः** गोल, **रंगः** गोरा, जिसने काले रंग की पजामी तथा काले व सफ़ेद रंग की टी-शर्ट पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्स नं.: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष,
थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली
फोन नंः 011-27048210, 27048211

DP/5275/OD/14



**BHARAT SEATS LIMITED**

Regd. Office : D-188 Okhla Industrial Area ,Phase -1, New Delhi-110020

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2014**

PART I (Rs.in lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Three Months ended on 31.03.2014 (Audited) | Three Months ended on 31.12.2013 (Unaudited) | Three Months ended on 31.03.2013 (Audited) | Current Year ended on 31.03.2014 (Audited) | Previous Year ended on 31.03.2013 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Income from operations | | | | | |
| | a) Net Sales/ Income from operations(Net of excise duty) | 15512.20 | 14146.74 | 15682.49 | 55957.14 | 60163.25 |
| | b) Other Operating income | 13.04 | 11.60 | 13.79 | 46.69 | 53.19 |
| | Total income from operations(net) | 15525.24 | 14158.34 | 15696.28 | 56003.83 | 60216.44 |
| 2 | Expenses | | | | | |
| | a) Cost of materials consumed | 13413.61 | 12215.86 | 13867.50 | 48455.57 | 53308.98 |
| | b) Purchases of stock-in-trade | 10.65 | 3.27 | 11.47 | 23.24 | 36.83 |
| | c) Changes in inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-trade | 52.96 | -70.16 | -3.01 | 40.19 | -73.89 |
| | d ) Employee benefit expense | 286.44 | 296.60 | 266.43 | 1147.02 | 1052.52 |
| | e) Depreciation and amortisation expense | 365.37 | 365.38 | 304.28 | 1352.14 | 1133.40 |
| | f) Other expenses | 998.63 | 856.09 | 840.95 | 3483.51 | 3537.37 |
| | Total expenses | 15127.66 | 13667.04 | 15287.62 | 54501.67 | 58995.21 |
| 3 | Profit from operations before other income, finance costs and exceptional items(1 – 2) | 397.58 | 491.30 | 408.66 | 1502.16 | 1221.23 |
| 4 | Other Income | 19.53 | 0.80 | 91.57 | 24.06 | 127.86 |
| 5 | Profit from ordinary activities before finance costs and exceptional items(3+4) | 417.11 | 492.10 | 500.23 | 1526.22 | 1349.09 |
| 6 | Finance costs | 171.91 | 171.29 | 136.06 | 625.84 | 647.18 |
| 7 | Profit from ordinary activities after finance costs but before exceptional items(5 – 6) | 245.20 | 320.81 | 364.17 | 900.38 | 701.91 |
| 8 | Exceptional items | - | - | - | - | - |
| 9 | Profit from ordinary activities before Tax (7 + 8) | 245.20 | 320.81 | 364.17 | 900.38 | 701.91 |
| 10 | Tax expense | 72.31 | 113.92 | 116.82 | 229.62 | 166.89 |
| 11 | Net Profit from Ordinary activities after tax(9 – 10)) | 172.89 | 206.89 | 247.35 | 670.76 | 535.02 |
| 12 | Extra ordinary items | | | | | |
| 13 | Net Profit (11 – 12) | 172.89 | 206.89 | 247.35 | 670.76 | 535.02 |
| 14 | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs.2/- per share ) | 628.00 | 628.00 | 628.00 | 628.00 | 628.00 |
| 15 | Reserves & Surplus | - | - | - | 3538.53 | 3161.66 |
| 16 | Basic and diluted EPS for the period /for the year to date and for the previous year (in Rs.) | 0.55 | 0.66 | 0.79 | 2.14 | 1.70 |
| | PART II | | | | | |
| A. | PARTICULARS OF SHAREHOLDING | | | | | |
| 1 | Public Shareholding: | | | | | |
| | - Number of Shares | 8099000 | 8099000 | 8099000 | 8099000 | 8099000 |
| | - Percentage of Shareholding | 25.79% | 25.79% | 25.79% | 25.79% | 25.79% |
| 2 | Promoter and Promoter group shareholding: | | | | | |
| | a) Pledged/ Encumbered | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| | - Number of Shares | | | | | |
| | - Percentage of Shares(as a % of the total shareholding of promoter and promoter group) | | | | | |
| | - percentage of shares(as a % of the total share capital of the company) | | | | | |
| | b) Non-encumbered | | | | | |
| | - Number of Shares | 23301000 | 23301000 | 23301000 | 23301000 | 23301000 |
| | - Percentage of Shares(as a % of the total shareholding of promoter and promoter group) | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |
| | - percentage of shares(as a % of the total share capital of the company) | 74.21% | 74.21% | 74.21% | 74.21% | 74.21% |

| | Particulars | Three months ended 31.03.2014 |
|---|---|---|
| B. | INVESTOR COMPLAINTS | |
| | Pending at the beginning of the quarter | NIL |
| | Received during the quarter | NIL |
| | Disposed of during the quarter | NIL |
| | Remaining unresolved at the end of the quarter | NIL |

**STATEMENT OF ASSETS AND LIABILITIES**

| Sr. No. | Particulars | AS AT 31.3.2014 (Audited) | AS AT 31.3.2013 (Audited) |
|---|---|---|---|
| A | EQUITY AND LIABILITIES | | |
| 1 | SHAREHOLDERS' FUNDS : | | |
| | (a) Share Capital | 62800000 | 62800000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 353852860 | 316165806 |
| | (c) Money received against share warrants | - | - |
| | Sub-total-Shareholders' funds | 416652860 | 378965806 |
| 2 | SHARE APPLICATION MONEY PENDING ALLOTMENT | | |
| 3 | MINORITY INTEREST | | |
| 4 | NON-CURRENT LIABILITIES | | |
| | (a) Long Term borrowings | 526083241 | 594914697 |
| | (b) Deferred Tax liabilities(net) | 99684190 | 80611459 |
| | (c) Other long term liabilities | 1013280 | 13390893 |
| | (d) Long term provisions | 5027406 | 6790461 |
| | Sub-total-Non-current liabilities | 631808117 | 695707510 |
| 5 | Current liabilities | | |
| | (a) Short term borrowings | 296059406 | 276960586 |
| | (b) Trade payables | 800534125 | 605330047 |
| | (c) Other Current Liabilities | 265969919 | 224274277 |
| | (d) Short term Provisions | 30676068 | 31133895 |
| | Sub-total-Current liabilities | 1393239518 | 1137698805 |
| | TOTAL - EQUITY AND LIABILITIES | 2441700495 | 2212372121 |
| B | ASSETS | | |
| 1 | Non-Current Assets | | |
| | (a) Fixed Assets | | |
| | (i) Tangible Assets | 1502253316 | 1120713238 |
| | (ii) Capital work in progress | 39349272 | 315727951 |
| | (b) Deferred tax assets(net) | | |
| | (c) Long term loans and advances | 172628987 | 69821414 |
| | (d) Other non-current assets | | |
| | Sub-total-Non-current assets | 1714231575 | 1506262603 |
| 2 | Current Assets | | |
| | (a) Current investments | 387605 | 378300 |
| | (b) Inventories | 110482543 | 143225963 |
| | (c) Trade receivables | 568582422 | 506769651 |
| | (d ) Cash and Cash equivalents | 8316347 | 7774252 |
| | (e) Short term loans Loans and Advances | 39700003 | 47961352 |
| | (f) Other current assets | - | - |
| | Sub-total-Current assets | 727468920 | 706109518 |
| | TOTAL - ASSETS | 2441700495 | 2212372121 |

NOTES :
1 The above results are audited by the Statutory Auditors and reviewed by the Audit Committee and were taken on record by the Board in its meeting held on 16th April, 2014.
2 The figures of quarter ended March 31, 2014 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year 2013-14 and the published year to date figures upto the third quarter of the financial year 2013-14.
3 Tax expense includes provision for Current tax(Net of MAT Credit entitlement) & Deferred Tax.
4 The Board of Directors have recommended a dividend @40% for the year ended on 31st March, 2014.
5 The previous year figures have been regrouped & reclassified wherever necessary, to conform to current quarter/ year classification.

By Order Of The Board
(ROHIT RELAN)
MANAGING DIRECTOR

Place: GURGAON
Dated:16.04.2014